Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 21-12-2005

Participants : Verma Shri Ravi Prakash

>

Title : Need to conduct a special survey to ascertain the content of Arsenic in the potable water in various districts of Uttar Pradesh adjoining Nepal.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : धन्यवाद, आपने मौका दिया।

अध्यक्ष जी, मुझे आपके माध्यम से सरकार को अवगत कराना है कि भारत नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जो पीने का पानी है, उसमें भारी मात्रा में आर्सेनिक पाया गया है। यूनीसेफ और जल निगम के माध्यम से सम्मिलित सर्वे किया गया था, इसमें पांच हजार से ऊपर सैम्पल लिए गए थे और उनमें से तीन हजार से भी ज्यादा सैम्पल्स के अन्दर कंटेमिनेशन पाया गया है और बहुत से मामलों में तो 50 मिलीग्राम पर लीटर से भी ज्यादा आर्सेनिक पाया गया है, क्योंकि आर्सेनिक पायजनिंग है। यह लम्बे समय से चल रहा है। इससे उनके बाल खराब हो रहे हैं, उनकी चमड़ी खराब हो रही है, उनको लंग्स की बीमारियां हो रही हैं, कैंसर तक हो रहा है और फिर एक लम्बी रेंज है, जिन बीमारियों से गरीब लोग ग्रस्त हो रहे हैं। जो इस लायक भी नहीं हैं कि अपने इलाज भी करा सकें। यह बहुत बड़ी समस्या है और पीने का पानी बहुत आवश्यक चीज है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से कहना चाहता हूं कि सम्बन्धित क्षेत्रों में विशो योजनाएं बनाकर स्वच्छ पेयजल सभी गरीबों को उपलब्ध कराने की मेहरबानी करें। धन्यवाद।